06/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन किया। तीन दिवसीय महोत्सव में पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक झलक दिखेगी। पूर्वोत्तर की पारंपरिक कला, शिल्प और सांस्कृतिक प्रथाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। यह कपड़ा उद्योग, हस्तशिल्प, पर्यटन के अवसरों और सभी आठ पूर्वोत्तर राज्यों के अनूठे उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक असाधारण मंच के रूप में कार्य करेगा। यह महोत्सव आठ पूर्वोत्तर राज्यों, अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा से प्रेरणा लेता है, जिन्हें सामूहिक रूप से अष्टलक्ष्मी के रूप में जाना जाता है। दो सौ पच्चास से अधिक कारीगर चौंतीस जीआई-टैग वाली वस्तुओं सहित अद्वितीय हस्तशिल्प, हथकरघा और कृषि-बागवानी उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे।

0000000000000000000000

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज नई दिल्ली में भारतीय सांकेतिक भाषा के लिए पीएम ई-विद्या डीटीएच चैनल नंबर इकतीस का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कौशल विकास और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी भी शामिल हुए। कार्यक्रम में हियरींग इमपेयरड चिलद्रेन, एचआई प्राप्तकर्ताओं, विशेष शिक्षकों, आईएसएल-प्रमाणित इंटरप्रेटर्स और हियरींग इमपेयरड समुदाय को मुख्यधारा में लाने के लिए काम करने वाले संगठनों ने भाग लिया।

इस नए डीटीएच चैनल की संकल्पना आईएसएल को एक भाषा और एक स्कूली विषय दोनों के रूप में बढ़ावा देने के लिए की गई है, ताकि इसे व्यापक दर्शकों तक पहुँचाया जा सके।

0000000000000000000

सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा कि प्रसार भारती प्रसारण क्षेत्र में उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे नेटवर्क का डिजिटलीकरण, नवीनतम उपकरणों को अपग्रेड करना आदि को अपनाकर आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क को लगातार उन्नत बनाता है। उन्होंने कहा कि प्रसार भारती ने डायरेक्ट टू मोबाइल (डी2एम) प्रसारण प्रौद्योगिकी के लिए आईआईटी-कानपुर के साथ समझौता ज्ञापन भी किया है। डी2एम प्रसारण एक नई प्रौद्योगिकी है जो प्रसारण अवसंरचना का लाभ उठाकर बिना सिम के मोबाइल फोन और स्मार्ट उपकरणों तक प्रसारण संकेतों (वीडियो, ऑडियो, डेटा) को सीधे पहुंचाती है। डॉ. मुरुगन ने कहा कि डी2एम नेटवर्क का उपयोग जनता को नि:शुल्क या सस्ती लागत पर सूचना उपलब्ध करने  शिक्षित करने और मनोरंजन सामग्री उपलब्ध करने के लिए किया जा सकता है।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनाइक ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि यह दिन हमारे बहादुर सैनिकों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता और सम्मान को मजबूत करे, जो हमारी स्वतंत्रता और सुरक्षा की रक्षा के लिए निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं।

अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि उन्नीस सौ उनचास में अपनी स्थापना के बाद से, सात दिसंबर को वर्दीधारी पुरुषों और महिलाओं को सम्मानित करने के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है, जिन्होंने साहसपूर्वक राष्ट्र की रक्षा की है और सर्वोच्च बलिदान दिया है। यह दिन उन वीर नायकों के प्रति हमारी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करने का एक अनुस्मारक है, जो कर्तव्य की पंक्ति में अपने जीवन को जोखिम में डालते हैं। उन्होंने कहा कि यह शहीदों, विकलांग सैनिकों और वीर नारियों के परिवारों को उनके अपार बलिदानों को स्वीकार करते हुए समर्थन देने का अवसर भी प्रदान करता है।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्य महिला आयोग की एक टीम ने पाँच और छह दिसंबर को एनसीडब्ल्यू कार्यालय, नई दिल्ली में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित इंटरएक्टिव मीटिंग में भाग लिया। चर्चा में एनसीडब्ल्यू और राज्य आयोगों के बीच सहयोग को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें पुलिस वकालत, अनुसंधान और क्षमता निर्माण में चल रहे सहयोग के लिए संचार और तंत्र स्थापित करना शामिल था। इस बैठक में महिला कल्याण की प्राथमिकताओं पर भी चर्चा की, जिसमें लिंग संवेदीकरण और POSH, शिकायत निवारण तंत्र और महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास पर परियोजनाएँ शामिल हैं।

00000000000000000000

प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान, नाहरलागुन ने जमीनी स्तर पर कानून लागू करने वाले पुलिस अधिकारियों और अरुणाचल प्रदेश सिविल सेवा अधिकारियों के लिए भारतीय न्याय संहिता 2023 पर दो दिवसीय ओरिएंटेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया। कल संपन्न हुए इस कार्यक्रम में तैंतीस प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें बीस एपीसीएस अधिकारी, 3 एडीसी और तेरह पुलिस अधिकारी शामिल थे। इस कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश स्टेट लिगल सर्विसेज प्राधिकरण के कानूनी सहायता एडवोकेट नेगा तायिंग और एडवोकेट जया दोजी जैसे प्रतिष्ठित कानूनी पेशेवरों ने भाग लिया। उनके सत्रों में प्रतिभागियों को भारतीय न्याय संहिता, दो हजार तेईस की गहन समझ प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें आपराधिक कानून में प्रमुख संशोधनों, प्रक्रियात्मक सुधारों और प्रभावी कानून प्रवर्तन के लिए उनके प्रभाव पर प्रकाश डाला गया।

0000000000000000000000000

अरुणाचल कराटे टीम, प्रबंधक-सह-मुख्य दल और प्रशिक्षकों के नेतृत्व में, 9 दिसंबर से शुरू होने वाला अड़सठवें राष्ट्रीय स्कूल खेलों में भाग लेने के लिए अंडर -17 लड़के और लड़कियां गुरुवार को नई दिल्ली के लिए रवाना हो गई। संयुक्त निदेशक, माध्यमिक विद्यालय शिक्षा टी. तातक ने उप निदेशक एस. रोंगरांग और स्पोर्ट्स को-ओर्डिनेटर एस. राजा की उपस्थिति में सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय राजधानी में रहने के दौरान विभिन्न एहतियाती कदमों की जानकारी दी और राज्य के लिए पुरस्कार जीतने के लिए प्रतिबद्धता के साथ खेलने को कहा।

0000000000000000000000000